## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की अधिसूचना जारी, झारखंड की तीन सीट सहित उनचास लोकसभा सीटों पर बीस मई को होगा मतदान, चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह आज दाखिल करेंगे नामांकन।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुरू, तेरह राज्यों की अठासी सीटों पर डाले जा रहे हैं वोट।
- मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए आज अंतिम दिन, सुबह नौ बजे तक रांची के मोरहाबादी में लगे कैंप में दर्ज करा सकते हैं अपना नाम।
- मौसम विभाग ने जारी की उनतीस अप्रैल तक लू की चेतावनी, अधिकतम तापमान में भी होगी तीन से चार डिग्री की बढ़ोत्तरी।
- आईपीएल में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को पैंतीस रनों से हराया।

****************

लोकसभा चुनाव के 5वें चरण की अधिसूचना आज जारी कर दी गई। इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की उनचास लोकसभा सीटों के लिए बीस मई को चुनाव होगा। 5वें चरण में उत्तर प्रदेश की चौदह सीटें, महाराष्ट्र की तेरह, पश्चिम बंगाल की सात, ओड़िसा और बिहार की पांच–पांच सीटों, झारखंड की तीन सीट और जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख की एक–एक सीटों के लिए मतदान होगा। इस चरण के लिए नामांकन तीन मई तक भरे जा सकते है। इस चरण के लिए मतदान बीस मई को होगा। ओड़िसा में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी कर दी गई है।

****************

चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह आज नामांकन दाखिल करेंगे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी उपस्थित रहेंगे। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. अभिषेक कुमार सिंह भी अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

वहीं, चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने कल बैठक की।

****************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज मतदान शुरू हो चुका है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं।

****************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज बिहार में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली रैली अररिया संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में करेंगे जबकि दूसरी रैली मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सफियासराय हवाई अड्डा मैदान में करेंगे।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने युवा और महिला मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अधिक मतदान प्रतिशत देश के लोकतंत्र को मजबूत करता है।

****************

सर्वोच्च न्यायालय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों–ईवीएम में दर्ज मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल–वीवीपीएटी पर्चियों के साथ 100 प्रतिशत सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर आज अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दो दिनों की व्यापक सुनवाई के बाद 18 अप्रैल को एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स–एडीआर सहित कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में सुनवाई 18 अप्रैल को समाप्त हो गई थी, और उसी दिन 24 अप्रैल को मामले की सुनवाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। 24 अप्रैल को अदालत ने अपने फैसले पर रोक लगा दी और कुछ मुद्दों पर चुनाव आयोग (ईसी) से और स्पष्टीकरण मांगा।

****************

दुमका के सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीएचडी के शोधार्थियों को अब दो बार रिव्यू की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

****************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


****************

जिला प्रशासन की ओर से आज सुबह छह से नौ बजे तक रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

****************

गोड्डा जिले से सटे बिहार के बांका और भागलपुर में आज लोकसभा आम चुनाव का मतदान हो रहा है। इसे देखते हुए गोड्डा और बिहार की लंबी सीमा पर यहां की पुलिस सक्रिय है। बांका और भागलपुर के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में गोड्डा जिले के चेक नाका को सील कर दिया गया है। गोड्डा से बांका एवं भागलपुर आने–जाने वाले बड़े वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है।

****************

राज्य भर में गर्मी और लू के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने उनतीस अप्रैल तक लू की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री की बढ़ोत्तरी होगी। पिछले चौबीस घंटों में सरायकेला का तापमान सबसे अधिक चौवालीस डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रांची और हजारीबाग में सबसे कम अड़तीस डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है। दिन के ग्यारह बजे से तीन बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह भी दी गई है।

****************

आईपीएल क्रिकेट में कल रात हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हरा दिया। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद नाबाद 40 रन बनाकर सनराइजर्स हैदराबाद के टॉप स्कोरर रहे। आरसीबी के लिए कैमरून ग्रीन, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह ने दो–दो विकेट लिए जबकि यश दयाल और विल जैक्स ने एक–एक विकेट लिया। आज के मैच में, कोलकाता नाइट राइडर्स शाम साढ़े सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

****************

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला जिले के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हुमीद गांव में एक बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद चांडिल पुलिस ने आरोपी हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर लिया।
- शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर खूंटी के विभिन्न संस्थानों में मतदाताओं को जागरूक किया गया। वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी।
- गिरिडीह के नगर थाना इलाके के बजरंग चौक के पास कल गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए

****************

अखबारों की सुर्खियों से–

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने झारखंड में नामांकन और चुनावी प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री के भाषण को अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर और दैनिक भास्कर ने लोहरदगा से कांग्रेस के सुखदेव भगत के नामांकन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन को प्रत्याशी बनाये जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के मामलों का अब वाट्सअप पर भी मिलेगा अपडेट शीर्षक के साथ उच्चतम न्यायालय की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– प्रवासी मजदूरों से सम्कर्प साधेगा चुनाव आयोग।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने–राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज साहू से खास बतचीत की खबर को अपने अखबार की सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने विरासत कर को लेकर कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के टिप्पणी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************